CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 27 अंक- 347 रायपुर, शुक्रवार 10 जनवरी 2025 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## हाईकोर्ट का न्यायिक अधिकारियों को निर्देश, संपत्ति विवरण प्रस्तुत करें



**बिलासपुर,** 10 जनवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने राज्य में कार्यरत 526 न्यायिक अधिकारियों को अपनी संपत्तियों का पूरा विवरण समय पर प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। रजिस्ट्रार जनरल (विजिलेंस) आलोक कुमार ने इस संबंध में सभी जिलों के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीशों को पत्र जारी किया है। इसमें निर्देश दिया गया है कि न्यायिक अधिकारी अपनी चल-अचल संपत्तियों का विवरण निर्धारित प्रारूप में जमा करें।

पत्र के अनुसार, सभी न्यायिक अधिकारियों को 31 दिसंबर 2024 तक अर्जित संपत्तियों का विवरण तैयार करना होगा। इसे 28 फरवरी 2025 तक हाई कोर्ट के ईमेल के साथ-साथ पंजीकृत डाक के माध्यम से हार्ड कॉपी में प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

जिला एवं सत्र न्यायाधीशों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने अधीनस्थ अधिकारियों से संपत्ति विवरण प्राप्त कर उसकी जांच करें और तय समयसीमा के भीतर हाई कोर्ट को भेजें। किसी भी न्यायिक अधिकारी को व्यक्तिगत रूप से हाई कोर्ट में संपत्ति का विवरण प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं होगी। प्रक्रिया में चूक होने पर संबंधित जिला एवं सत्र न्यायाधीश को उत्तरदायी ठहराया जाएगा। न्यायिक अधिकारियों को चल संपत्तियों जैसे जेवरात, बैंक जमा, शेयर, निवेश, एफडी, पीपीएफ, जीपीएफ, एनएसएस, और अन्य वित्तीय संसाधनों के साथ अचल संपत्तियों जैसे जमीन, मकान, आदि का विवरण देना होगा। साथ ही, संपत्तियों को अर्जित करने के स्त्रोत भी स्पष्ट करने होंगे।

## एक ही परिवार के 3 लोगों की मिली लाश, इलाके में सनसनी

**बिलासपुर/रायगढ़,** 10 जनवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में एक ही परिवार के तीन लोगों की लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है. झोपड़ी में मां-बेटी का शव जला मिला है. पति की लाश फांसी के फंदे पर लटकी मिली है. घटना की जानकारी मिलते ही घरघोडा पुलिस मौके पर पहुंची है. यह घटना घरघोड़ा ब्लाक के ग्राम कमतरा की है.

सूत्रों के मुताबिक, युवक ने पेट्रोल डालकर घर में आग लगाई है, जिससे मां-बेटी की जलकर मौत हो गई. इसके बाद बेटे संतोष कुमार ने खुद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. हालांकि इसकी पुष्टि पुलिस की ओर से नहीं की गई है. तीनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पुलिस घटना की जांच में जुटी है.



## ब्रेकिंग न्यूज

### पूर्वांचलियों के अपमान पर सियासी घमासान, केजरीवाल के खिलाफ भाजपा का हल्ला बोल



**नई दिल्ली,** 10 जनवरी (न्यूज चैनल)। दिल्ली में पूर्वांचलियों को लेकर सियासी घमासान तेज हो गया है। भाजपा आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन कर रही है। भाजपा की ओर से पूर्वांचल सम्मान मार्च निकाला गया है। हालांकि, दिल्ली पुलिस ने पूर्वांचल सम्मान मार्च निकाल रहे और केजरीवाल के आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन कर रहे भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों को हिरासत में ले लिया। पूर्वांचल के मतदाताओं पर दिए गए बयान को लेकर केजरीवाल के फिरोजशाह रोड स्थित आवास के बाहर प्रदर्शन कर रहे भाजपा कार्यकर्ताओं को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने पानी की बौछार का इस्तेमाल किया।

इससे पहले केजरीवाल के आवास के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। वहीं, पूर्वांचली मुद्दे पर बोले आप विधायक सौरभ भारद्वाज ने कहा कि मैं दिल्ली के पूर्वांचली नेताओं से पूछना चाहता हूं कि जब जेपी नड्डा ने पूर्वांचलियों को घुसपैठिया कहा था तब मनोज तिवारी कहां थे। पूर्वांचल मोर्चा कहां था? उन्होंने कहा कि जब मेरे निर्वाचन क्षेत्र में छठ घाट तोड़ा गया तो मनोज तिवारी कहां थे? हमने आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर बताया कि दिल्ली में पूर्वांचल के लोगों के वोट काटे जा रहे हैं, क्योंकि वे आम आदमी पार्टी को वोट देते हैं।

### कोई संचार नहीं है, कोई संवाद नहीं है, इंडिया ब्लॉक को लेकर कांग्रेस पर बरसे संजय राउत



**नई दिल्ली,** 10 जनवरी (न्यूज चैनल)। दिल्ली चुनाव के बीच विपक्षी एकता में दरार देखने को मिल रहा है। लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी एकता को लेकर बने इंडिया ब्लॉक में खटपट साफ तौर पर दिख रहा है। इन सबके बीच शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने शुक्रवार को ब्लॉक में समन्वय नहीं होने के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया। हालाँकि, जैसे ही लोकसभा चुनाव संपन्न हुए, यह ब्लॉक काम नहीं कर रहा है। संजय राउत से पहले, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और राजद नेता तेजस्वी यादव जैसे नेताओं ने भी इस गुट के लिए यही भावना व्यक्त की थी।इंडिया ब्लॉक का गठन 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले किया गया था, जहां विपक्षी दलों ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ गठबंधन बनाया था।




चूहा- सुनती हो, तेजस्वी यादव कह रहे हैं इंडिया गठबंधन सिर्फ लोकसभा चुनाव के लिए था।

चुहिया- हां जी, पल में मासा पल में तोला... इसी का नाम राजनीति..!

## कुसुम लोहा फैक्ट्री में हादसे में साइलो के नीचे 4 से 5 मजदूर दबे होने की आशंका




**बिलासपुर,** 10 जनवरी (हाईवे चैनल)। मुंगेली जिले के रामबोड़ गांव स्थित कुसुम लोहा फैक्ट्री में गुरुवार को हुए हादसा का लाइव वीडियो सामने आया है. दोपहर 1 बजकर 6 मिनट में हुए हादसे के बाद अफरा-तफरी का माहौल नजर आ रहा है. इसके साथ ही वीडियो में साइलो में दबे मजदूर को बाहर निकाला जा रहा है.

इस बीच हादसे के दूसरे दिन याने आज भी मौके से साइलो को हटाने का काम जारी है. रायपुर और भिलाई से साइलो को उठाने के लिए तीन बड़ी क्रेन मशीन बुलाई गई है. कलेक्टर राहुल देव, एसपी भोजराज पटेल, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडेय रेस्क्यू पर नजर रखे हुए हैं. मौके पर एनडीआरएफ, एसडीआरएफ के साथ जिला प्रशासन की टीम बचाव अभियान में जुटी हुई है. आशंका है कि साइलो के नीचे 4-5 मजदूर दबे होंगे. बता दें कि हादसे के बाद फैक्ट्री प्रबंधन ने दो मजदूरों अवधेश कश्यप और जयंत साहू को लापता बताया है. वहीं एक घायल मजदूर की इलाज के दौरान मौत हो गई है. इस घटना को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दु:ख जताया है. इसके साथ ही उन्होंने उच्चाधिकारियों को राहत एवं बचाव कार्य के लिए आवश्यक निर्देश दिए हैं.

## 2032 तक, महाराष्ट्र एक ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा : फड़नवीश



**नई दिल्ली,** 10 जनवरी (न्यूज चैनल)। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने कहा कि राज्य का प्रयास इस दशक के अंत तक 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर वाली देश की पहली अर्थव्यवस्था बनने का होगा। सकाल न्यूज ग्रुप और पुणे पब्लिक पॉलिसी फेस्टिवल (पीपीपीएफ) द्वारा आयोजित 'एनविज़निंग-1 ट्रिलियन महाराष्ट्र' नामक कार्यक्रम में साक्षात्कार के दौरान फडणवीस ने कहा कि यह अनुमान लगाया जा रहा है कि 2032 तक महाराष्ट्र एक ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। इसका कारण यह भविष्यवाणी है कि पिछले वर्ष, हम पहले ही आधे रास्ते को पार कर चुके हैं यदि हम थोड़ी सी मेहनत करें, तो हम 2028, 2029 या 2030 तक लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। हमारा प्रयास होगा कि हम महाराष्ट्र को पहली उपराष्ट्रीय .1 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था बनाएं। अन्य राज्य बहुत पीछे हैं और उन्हें हमसे आगे निकलने में समय लगेगा। राज्य के युवा मानव संसाधन इस मील के पत्थर में योगदान देंगे।

**आधे रास्ते को पार कर चुके हैं हम**

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने गुरुवार को कहा कि राज्य में जलयुक्त शिवार 3.0 योजना का उद्देश्य मौजूदा जल संरक्षण संरचनाओं की मरम्मत करना और जल संरक्षण के नए आयाम पेश करना है। सीएम फड़नवीस ने कहा कि जलयुक्त शिवार 2.0 का दूसरा संस्करण पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा शुरू किया गया था। मंत्री एकनाथ शिंदे, समापन आ रहा है और इसलिए तीसरा चरण शुरू किया जा रहा है। राज्य में जलयुक्त शिवार योजना के बहुत सारे लाभ थे... सीएम एकनाथ शिंदे के सत्ता में आने के बाद, हमने जलयुक्त शिवार 2.0 शुरू किया, यह दूसरा संस्करण अब समाप्त हो रहा है। हम जल्द ही योजना का तीसरा चरण शुरू कर रहे हैं जिसमें वर्तमान जल संरक्षण संरचनाओं की मरम्मत और जल संरक्षण के नये आयाम स्थापित किये जायेंगे।

## शरद पवार ने आरएसएस की जमकर की तारीफ संघ की मेहनत के कारण महाराष्ट्र में जीती भाजपा



**नई दिल्ली,** 10 जनवरी (न्यूज चैनल)। राकांपा (सपा) प्रमुख शरद पवार ने अपनी विचारधारा के प्रति समर्पण के लिए आरएसएस की प्रशंसा की है और अपनी पार्टी से शाहू महाराज, महात्मा फुले, बीआर अंबेडकर और राजनीतिक दिग्गज यशवंतराव चव्हाण के प्रगतिशील विचारों के प्रति प्रतिबद्धता के साथ एक कार्यकर्ता आधार बनाने का आग्रह किया है। दक्षिण मुंबई में एक बैठक में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए, पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के पास समर्पित कैडर हैं जो हिंदुत्व संगठन की विचारधारा के प्रति अटूट निष्ठा दिखाते हैं और किसी भी कीमत पर अपने रास्ते से नहीं हटते हैं।

सूत्रों के अनुसार, मुंबई में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए, अनुभवी राजनेता ने कहा कि पिछले साल नवंबर के चुनावों में भाजपा की सफलता के पीछे आरएसएस की कार्य पद्धति और उसका आक्रामक हिंदुत्व अभियान प्रमुख स्तंभ थे, जहां पार्टी ने 149 सीटों पर चुनाव लड़कर 132 सीटें जीतीं। पवार, जिनकी पार्टी इंडिया ब्लॉक का हिस्सा है, ने 1957 में सफाए के बाद महाराष्ट्र में कांग्रेस के पुनरुद्धार को याद किया। उन्होंने असफलताओं का सामना करने के बावजूद 1962 और 1977 में पार्टी की जीत पर प्रकाश डाला। पवार ने कहा कि हमारे पास भी ऐसा कैडर बेस होना चाहिए जो छत्रपति शाहू महाराज, महात्मा फुले, बीआर अंबेडकर और यशवंतराव चव्हाण की विचारधारा के लिए प्रतिबद्ध हो। महाराष्ट्र में नवंबर में हुए विधानसभा चुनाव में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (सपा) की बुरी हार पर विचार करते हुए उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में सफलता के बाद हम आत्मसंतुष्ट हो गए, जबकि सत्तारूढ़ गठबंधन (भाजपा नीत महायुति) ने संसदीय चुनावों में अपनी हार को रोकने के लिए तत्काल कदम उठाए।

## लॉस एंजेलिस में जंगलों में लगी आग से भयंकर तबाही 5 हजार इमारतें जलकर खाक, 50 अरब डॉलर का नुकसान



**नई दिल्ली,** 10 जनवरी (न्यूज चैनल)। अमेरिका के लॉस एंजेलिस में जंगलों में लगी आग ने भयंकर तबाही मचाई है। यह आग सबसे पहले पेसीफिक पोलीसाडेश के जंगल में लगी थी, लेकिन अब यह आग 6 अन्य जंगलों में भी फैल चुकी है। आग की लपटें अब जंगलों से बाहर रिहायशी इलाकों में पहुंच चुकी हैं, जिससे हजारों लोग प्रभावित हुए हैं। आग के कारण इमारतों का ढेर, जलते हुए घर, और राख में तब्दील होती प्रकृति ने इस घटना को विनाशकारी बना दिया है। इस भयावह हादसे से अब तक 50 अरब डॉलर का नुकसान होने का अनुमान है और आग के कारण सात लोगों की मौत भी हो चुकी है।

यह आग कैलिफोर्निया के इतिहास में दूसरी सबसे बड़ी और विनाशकारी मानी जा रही है। यह आग अब तक लगभग 2900 एकड़ के क्षेत्र में फैल चुकी है और इसका दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। खासतौर पर हॉलीवुड सहित लॉस एंजेलिस के कुछ प्रमुख इलाकों में मशहूर हस्तियों के घरों पर भी खतरा मंडरा रहा है। इनमें कमला हैरिस, पेरिस हिल्टन, जेमी ली कर्टिस, टॉम हैंक्स, और मैंडी मूर जैसे सितारे शामिल हैं, जिनके घरों को भी आग से नुकसान हो सकता है।

लॉस एंजेलिस फायर डिपार्टमेंट के मुताबिक, सबसे बड़ी आग पेसीफिक पोलीसाडेश के जंगल में लगी है, जिससे लगभग 20,000 एकड़ भूमि जलकर राख हो चुकी है। हालांकि, अभी तक केवल 6 फीसदी जंगल को ही बुझाया जा सका है। बाकी जंगलों की आग पर काबू पाना मुश्किल हो रहा है। आग की लपटें तेज हवाओं की वजह से और भी फैल रही हैं। फायर ब्रिगेड और रेस्क्यू टीमों को आग बुझाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## महापौर के लिए दावेदार सक्रिय, नेताओं ने पत्नियों के लिए की दावेदारी

### कांग्रेस-भाजपा में नगरीय निकाय चुनाव के लिए विभिन्न कमेटी गठित



**रायपुर,** 10 जनवरी (हाईवे चैनल)। नगरीय निकाय चुनाव के लिए तैयारियो का दौर शुरू हो चुका है नगर निगम सहित नगर पालिका में दावेदार अपनी दावेदारी प्रस्तुत करने के लिए पूरी ताकत लगा दिए हैं रायपुर शहर में इस बार महिलाओं को मौका दिया गया है ऐसे में जहां पूर्व में विभिन्न पदों में रह चुकी महिला नेत्री दावेदारी प्रस्तुत कर रही है वहीं कुछ बड़े नेता अपनी धर्मपत्नियों के लिए भी टिकट की मांग कर रहे हैं रायपुर में इस बार महिला नेत्रियो का मुकाबला रोचक होगा भाजपा व कांग्रेस से विभिन्न नाम सामने आए हैं जिनके द्वारा महापौर चुनाव के लिए टिकट की दावेदारी प्रस्तुत की गई है।

कांग्रेस से जहां पूर्व महापौर एवं सभापति प्रमोद दुबे की धर्मपत्नी दीप्ति दुबे का नाम सामने आ रहा है वही पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा की धर्मपत्नी परमजीत जुनेजा भी दावेदारी कर रही हैं वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता घनश्याम राजू तिवारी की धर्मपत्नी जो की पूर्व में पार्षद के साथ-साथ जोन अध्यक्ष भी रह चुकी है नीतू तिवारी का नाम भी प्रमुखता से सामने आ रहा है इसके साथ ही संगठन से जुड़ी हुई बहुत सी नेत्रिया भी दावेदारी कर रही है. जिसमें प्रमुख रूप से कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत, कविता ग्वालानी, राधिका नागभूषण राव, आदि के नाम सामने आ रहे हैं वहीं भाजपा में नेता प्रतिपक्ष रही मीनल चौबे का नाम प्रमुखता से सामने आ रहा है इसके साथ ही सरिता दुबे ,विश्वदिनी पांडे, सीमा साहू ,शताब्दी पांडे आदि के नाम की चर्चा है भाजपा में टिकट को लेकर दावेदार आरक्षण के दिन ही सक्रिय नजर आए आरक्षण के दिन दीनदयाल आडिटोरियल में विभिन्न दावेदारों के समर्थक बड़ी संख्या में पहुंचे हुए थे समर्थको द्वारा वहीं पर नारेबाजी भी सुनने को मिली. इस बार 14 नगर निगमों में 5 नगर निगम महिला के लिए आरक्षित किए गए है आरक्षण की प्रक्रिया के बाद राज्य के सभी नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में चुनाव की अधिसूचना जल्द जारी की जाएगी. इस बार चुनावों में बड़ी संख्या में महिला उम्मीदवारों के भाग लेने की उम्मीद है. रायपुर नगर निगम भी इस बार महिला सामान्य के लिए आरक्षित किया गया है।

**■ चुनाव लगभग फरवरी में फाइनल 15 या 16 जनवरी को लग सकता है आचार संहिता**

### आरक्षण प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद महिलाओं मे भी खुशी नजर आई

वहीं राजनीतिक दलों द्वारा भी तैयारियां जोरों से चल रही है भाजपा एवं कांग्रेस दोनों में बैठकों का दौर जारी है वहीं विभिन्न कमेटिया भी गठित कर दी गई है जो दावेदारों को लेकर फीडबैक तैयार करेंगे इसके साथ ही निर्वाचन आयोग भी तेजी से चुनाव करवाने की तैयारी में जुटा हुआ नजर आ रहा है जनवरी में 15 या 16 तारीख को आचार संहिता प्रभावशील हो सकती है देखा जाए तो चुनाव संबंधित तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है निकाय का चुनाव जहां एक चरण में होने की बात सामने आ रही है वही त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव विभिन्न चरणों में कराया जा सकता है फरवरी के मध्य में निकाय चुनाव को लेकर वोटिंग हो सकती है बोर्ड परीक्षा के पहले निकाय चुनाव संपन्न कराए जाएंगे यह सुनिश्चित मानी जा रही है।